


# मनचलों पर शिकंजा कसने पुलिस ने की तैयारी

## एसपी द्वारा स्कूलों के आसपास छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं परेशान करने वालों के लिए चैकिंग स्क्वाड को किया तैनात



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर अनेक अभियान चलाये जा रहे हैं, जिससे तहत महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। आमतौर पर देखने मे आता है कि जब स्कूलों की छुट्टी होने का समय होता है तो कई मनचले एवं आपराधिक तत्व स्कूलों के आसपास एकत्रित हो जाते हैं एवं स्कूल से निकलने वाली बालिकाओं को परेशान/छेड़छाड़ आदि घटनाओं को अंजाम देते हैं।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा कन्या विद्यालयों के बाहर छात्राओं को परेशान/छेड़छाड़ जैसी होने बाली समस्याओं को संज्ञान में लेकर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस चैकिंग स्कॉट का गठन किया गया है, जो स्कूलों के आसपास मनचलों, असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत एक्शन लेकर बड़ी घटना को होने से रोकने मे कारगर साबित होगी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ द्वारा उप पुलिस अधीक्षक (आजाक) अवनीत शर्मा के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर पुरानी शिवपुरी पर थाना देहात से उनि योगेन्द्र सिंह सेंगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या कोर्ट रोड पर थाना कोतवाली से उनि आदित्य प्रताप सिंह, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदर बाजार पर थाना कोतवाली से उनि शिखा तिवारी, शासकीय हाई स्कूल फिजीकल कॉलोनी पर सउनि सुमित सिंह सेंगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रामांक-01 पर थाना कोतवाली से उनि हरिशंकर शर्मा, सांदिपनी विद्यालय शिवपुरी पर महिला थाने से उनि प्रियंका पाराशर को मय पुलिस बल के प्रतिदिन चैकिंग स्कॉट हेतु आदेशित किया गया है, जो दिये गये स्कूलों के आसपास मनचलों एवं संदिग्धों को समझाइस व कार्यवाही करेंगे। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, प्रमुख बाजार, धार्मिक स्थलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिये समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं, जिसके तहत पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये शैक्षणिक संस्थानों के आसपास छात्राओं के साथ होने बाली छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

# नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** करीब चार वर्ष पूर्व एक महिला के द्वारा थाना कोतवाली में अपना नाबालिग 17 वर्षीय बालिका के गुम होने की सूचना दी गई थी जिस पर पुलिस ने इस नाबालिग को बरामद करने को लेकर कार्यवाही की और अब इस मामले में पुलिस ने नाबालिग को बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया गया। यहां पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एंव सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल सिंह राठौड़ के द्वारा यह कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार बीती दिनांक 02 अप्रैल 2022 को थाना कोतवाली पर फरियादिया महिला सरोज (परिवर्तित नाम) ने अपनी नाबालिग बालिका उम्र 17 साल की शक्तिपुरम खुडा संतोषी माता मंदिर के पास से बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट की थी। बालिका के नाबालिग होने के से थाना कोतवाली पर अप.क्र. 238/22 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध 04 वर्ष पूर्व का लंबित होने से एवं अपराध की

**अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द**

गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ व्दारा अपराध का निकाल कर अपहृता की पतारसी करने हेतु आदेशित एवं निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एंव सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल सिंह राठौड द्वारा टीम बनाकर अपहृत नाबालिग बालिका की तलाश पतारसी की गयी। पुलिस टीम द्वारा बालिका के होने बाले संभव स्थानों पर जाकर लोगों से पूछताछ की गयी। पुलिस टीम के द्वारा अपहृता बालिका को गत दिवस मंगलवार के रोज शिवपुरी से बरामद करते हुए उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया, अपनी लडकी को देखकर माता पिता के चेहरो पर मुस्कान लौटी ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत बालक की दस्तयावी की गई। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड, उनि.पूजा घुरैया, प्र.आर. योगेश सेंगर, एसडीओपी कार्यालय शिवपुरी, आर.पदम मांझी एसडीओपी कार्यालय शिवपुरी, म.आर. मोनिका राजपूत, आर. कुलदीप चतुर्वेदी की विशेष भूमिका रही।

# बदरवास में विश्व ध्यान दिवस को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** आगामी 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोग हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट एवं रामचन्द्र मिशन के तत्वाधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता हेतु जिले के बदरवास क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हार्टफुलनेस प्रशिक्षक अमित यादव एवं कौशल ग्वाल के द्वारा लोगों को ध्यान के बारे में समझाया जा रहा है और इसके साथ ही हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट एवं रामचन्द्र मिशन से जुड़कर आगामी 21 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे से ऑनलाईन जुड़कर इस आयोजन में शामिल होने को लेकर भी पंजीयन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग विश्व ध्यान दिवस के इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसका लाभ ले सके। इसे लेकर पूरी टीम रात-दिन करते हुए जागरूकता कार्य में लगी हुई है। इसमें मुख्य रूप से अमित यादव हार्टफुलनेस प्रशिक्षक, कौशल ग्वाल हार्टफुलनेस प्रशिक्षक, रामकुमार ग्वाल, सोनू ग्वाल, रवि जैन, आशीष चतुर्वेदी फूड इंस्पेक्टर, अंशुल राठौर, रोहित गोयल, नीरज जैन, ऋषभ ग्वाल, सुनील ओझा आदि यह सभी सब वालेंटियर टीम बदरवास के रूप में कार्यरत है जारे नि:शुल्क सेवा प्रदान करते हुए हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट एवं रामचन्द्र मिशन से लोगों को जोडने का कार्य कर रहे है।

# लायंस क्लब साउथ ने बालिकाओं व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का दिया नि :शुल्क प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** समाजसेवा के साथ-साथ महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के रूप में नि:शुल्क साज सज्जा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन समाजसेवी संस्था लायंस क्लब शिवपुरी साउथ के द्वारा प्रदान किया गया। स्थानीय कमलागंज स्थित सेवा भारती प्रशिक्षण केन्द्र पर यहां बालिकाओं व महिलाओं को संस्था की ओर से नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया गया और शिविर समापन पर संस्था को सहयोग स्वरूप 5 हजार रूपये की राशि भी संस्था ओर से दान की गई।

जानकारी देते हुए समाजसेवी संस्था लायंस क्लब शिवपुरी साउथ अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि संस्था लायंस क्लब शिवपुरी साउथ परिवार के द्वारा मनाए गए सेवांकुर

**साज-सज्जा का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए क्लब की ओर से 5 हजार रूपयों की सहयोग राशि की दान**

सेवा सप्ताह के दौरान बीती 7 अक्टूबर से संस्था के द्वारा महिलाओ व बालिकाओं के लिए साज सज्जा प्रशिक्षण का आयोजन




श्रीमती मंजुला जैन के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण श्रीमती सुषमा मुकेश गोयल के निर्देशन में प्रदाय किया गया। इस शिविर का समापन गत दिवस प्रशिक्षण स्थल एबी रोड़ स्थित सेवा भारती प्रशिक्षण केन्द्र कमलागंज शिवपुरी में किया गया जिसमें संस्था की टीम पीएसटी एवं ऊर्जावान उपाध्यक्ष 2025-26 लायंस क्लब शिवपुरी साउथ परिवार का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर समापन पर संस्था के द्वारा प्रशिक्षण स्थल सेवा भारती प्रशिक्षण केंद्र कमलागंज में महिलाओ व बालिकाओं के लिए आयोजित साज सज्जा प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती मंजुला जैन द्वारा प्रशिक्षण एवं सुषमा गोयल के निर्देशन में शिविर का समापन हुआ, जहां कार्यक्रम समापन अवसर पर क्लब परिवार द्वारा 5000 रूपये की सहयोग राशि भी प्रदान की गई। शिविर के समापन पर सभी के प्रति आभार प्रदर्शन संस्था सचिव विवेक अग्रवाल के द्वारा व्यक्त किया गया।

# अष्टभुजी माता मंदिर में हुआ एक शाम बाबा श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** हारे का सहारा...बाबा श्याम हमारा... करने वाले श्याम...कराने वाले श्याम इन्हीं उद्घोषों के बीच गत दिवस आदर्श नगर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित एवं ॐ श्री बाबा श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आदर्श नगर स्थित मां अष्टभुजी माता मंदिर में एक शाम बाबा श्याम के नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से ॐ श्री बाबा श्याम सेवा समिति शिवपुरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ऐंचबाड़ा सहित संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला एवं महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती रंजना पचौरी, सचिव अभिषेक खेमरिया व अन्य पदाधिकारी एवं श्याम भक्त बड़ी संख्या में शामिल रहे। इस बार के श्री श्याम संकीर्तन का धर्मलाभ यजमान बनते हुए अग्रवाल द सुपर स्पोर्ट्स के संचालक एवं अपना घर आश्रम गौशाला में पशु सेवा में कार्यरत समाजसेवी श्रीमती कविता-धर्मेन्द्र अग्रवाल परिवार रहा जिनके कुशल मार्गदर्शन में श्रीश्याम संकीर्तन का यह भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में श्री हरिदास



म्यूजिकल ग्रुप एवं कानपुर से पधारी दीपांशी तिवारी द्वारा बाबा श्याम के संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई, इसके अलावा भजन गायक में दीपक राठौर, मयंक खेमरिया, बाल कलाकार दुष्यंत शर्मा के द्वारा अपने संगीत की सुमधुर लहरों के बीच संकीर्तन में शामिल होकर देर रात तक चले इस भजन संध्या कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में आदर्श नगर वेलफेयर समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। इसके साथ ही श्री श्याम संकीर्तन में विराजित बाबा श्री श्याम के छप्पन भोग प्रसाद का वितरण भी आदर्श नगर वेलफेयर समिति द्वारा किया गया। संकीर्तन में नगर के जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजसेवी, धर्मप्रेमी बंधु, माताएं, बहनें एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राम कृष्ण सिंघल साहित्य सम्मान उत्सव आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** गत दिवस नगर की साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था श्री रामकिशन सिंहल फाउंडेशन द्वारा साहित्य के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग किया गया जिसमें विभिन्न विधाओं के रचनाकारों ने अलग अलग सत्रों में अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं ।डॉ.हरि प्रकाश जैन के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ साहित्यकार हरीश चन्द्र भार्गव की अध्यक्षता में दुर्गा मठ में सम्पन्न शिवपुरी साहित्य उत्सव के अंतर्गत व्यंग्य, गीत, नवगीत, गजल, लघु कथा व कविता के विविध सत्रों में पहली बार शहर के पचास से अधिक लेखकों ने भाग लिया जिसका संचालन अजय जैन अविराम तथा अखलाक खान ने सामूहिक रूप से किया।

आयोजन का शुभारंभ वरिष्ठ और विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प और दीप प्रज्वलित कर किया गया, सरस्वती देवी का आह्वान अजय जैन अविराम ने मां की वंदना हे मात मेरी शारदे, आषीश दे दुलार दे, आह अभिरंजना को, पूर्णता आधार दे। गा कर किया। इसके बाद व्यंग्य सत्र से कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें धर्मयुद्ध शीर्षक से डॉ. महेन्द्र अग्रवाल ने लोकतंत्र में होने वाले चुनावों की विसंगतियों का एक रूपक के माध्यम से बिम्ब प्रस्तुत किया।

विनय प्रकाश नीरव ने वर्तमान साहित्यकारों की महत्वाकांक्षाओं का कच्चा चिट्ठा प्रस्तुत किया। प्रमोद भार्गव ने व्यंग्य के माध्यम राजनीतिक अनाचार को स्वर दिये। गीत सत्र का आरंभ मधुर कंठ के धनी योगेन्द्र बाबू शुक्ल ने किया। राकेश भटनागर ने बसंत ऋतु पर केन्द्रित गीत का पाठ किया वहीं संजय श्रीवास्तव ने वर्तमान साहित्यिक परिवेश की विडम्बनाओं का वर्णन किया। राधा मोहन समाधिया ने मंहगाई तो बसंत श्रीवास्तव ने भ्रष्टाचार को उजागर किया। डॉ.एच.पी.जैन ने शीत ऋतु का एक चित्र प्रस्तुत किया।

फूस की चादर लपेटी दूब ने, रात कोहरे में लगी है डूबने

नाग सी डसने लगी है ये हवा, राम जाने क्या करेगी ये हवा? गजल सत्र में रिवायती गजलों के साथ जदीद रुझान की गजलों ने भी अपनी छटा बिखेरी। राजकुमार श्रीवास्तव ने अपनी बात कुछ यूं रखी-

कहां मिलेगी शीतलता धरती के आंचल में
छुपे ओस के अंतर में ही जब अंगारे हैं
अनहोनी तो होनी है ऐसे हालातों में
जब मर्यादा ने ही तन के वस्त्र उतारे हैं।

भगवान सिंह यादव ने आंखों की विशेषताओं को उकेरा ।इस सत्र में सर्व श्री ओमप्रकाश दुबे,रमेश वाजपेयी,रूपकिशोर वशिष्ठ ,एम.एस.द्विवेदी ,त्रिलोचन जोशी आदि ने भी भाग लिया ।कार्यक्रम का समापन डॉ.एच.पी जैन के समधुर गीत से हुआ। देर रात तक चले कार्यक्रम के अंत में अखलाक खान ने सभी अतिथियों व आमंत्रितों का आभार व्यक्त किया।

## इन क्षेत्रों में आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 33 के.व्ही.चंदौरिया एवं कोलारस फीडर पर 18 दिसंबर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 33 के.व्ही. चंदौरिया एवं कोलारस फीडर के बंद रहने से 18 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से प्रात: 10 बजे तक 33/11 के.व्ही.उपकेन्द चंदौरिया एवं रमतला तथा 33/11 के.व्ही.उपकेन्द कोलारस शहर से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर की वार्षिक पत्रिका विद्यांजलि का हुआ विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** विद्या भारतीय मध्य भारत प्रांत के मार्गदर्शन एवं तात्याटोपे बाल कल्याण समिति के द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अस्पताल चौराहे की वार्षिक पत्रिका का विद्यांजलि का विमोचन सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में विद्याभारती मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष मोहन जी गुप्त, संगठन मंत्री, संघ के वरिष्ठ प्रचारक लेखक व कुशल वक्ता निलिखेश माहेश्वरी शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड, माधव राव सिंधिया महाविद्यालय के प्राचार्य पवन श्रीवास्तव, विद्या भारती प्रांतीय सह सचिव महेन्द्र रघुवंशी, तात्याटोपे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कुंजबिहारी चतुर्वेदी के कर कमलों द्वारा किया गया।

# पोहरी न्यायालय में बार एसोसिएशन के चुनाव हुए

## वरिष्ठ अधिवक्ता एस .यू . सिद्दीकी सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 17 दिसम्बर।** पोहरी न्यायालय परिसर में अभिभाषकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें बार एसोसिएशन पोहरी के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। बैठक में सभी अधिवक्ताओं की सहमति से पोहरी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एस.यू. सिद्दीकी को बार एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से अन्य पदों पर भी अनुभवी अधिवक्ताओं को दायित्व सौंपे गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री राजेंद्र गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री दिनेश जाटव, तथा सचिव पद पर श्री राजेश ओझा को चुना गया। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में श्री भूपेंद्र जैमिनी और लाइब्रेरियन पद पर श्री नरेश शर्मा (एडवोकेट) को नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर न्यायालय परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए न्यायिक कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री एस.यू. सिद्दीकी ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# तिनक दिन धा में शिवपुरी की आध्या खरे ने बाजी मारी



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 17 दिसम्बर।** सप्त सुरम ट्रस्ट (दिल्ली) द्वारा ग्वालियर में आयोजित भव्य गायन प्रतियोगिता में ग्वालियर, जयपुर, भोपाल, दिल्ली, शिवपुरी व झांसी के करीब 80 गायकों ने गूंज संगीत स्टुडियो में एक से एक बढ़ कर बेहतरीन गीत सुनाए,

**सुकून शिवपुरी व संगीता श्रीवास्तव भी टॉप 15 विनर घोषित**

जिनमें से पहले शिवपुरी के सुकून शिवपुरी, संगीता श्रीवास्तव व आध्या खरे सहित 15 गायकों को फायनल के लिए चुन लिया गया। तत्पश्चात अगले दिन बाल भवन ग्वालियर में आयोजित फायनल मुकाबले में सुकून शिवपुरी, संगीता श्रीवास्तव व आध्या खरे ने अन्य प्रतियोगियों को कड़ी टक्कर दी, जिनमें से अंतत: आध्या खरे द्वितीय स्थान पर अपनी जगह बनाने में सफल रहीं। ग्वालियर के अक्षय प्रताप सिंह व सुनील यादव क्रमश: प्रथम व तृतीय स्थान पर रहे। शहर के गायकों की इस उपलब्धि पर शहर में हर्ष का माहौल है और संगीत, साहित्य व पत्रकार जगत की ओर से बधाइयों का सिलसिला जारी है।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

**क्रमांक/ खनिज / 2025/988** **अशोकनगर दिनांक 15/12/2025**

**म.प्र, गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1-क)(1) व 18(1- क) (2) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मैसर्स सीमा स्टोन क्रेशर (पार्टनर (1) श्री हरिओम रघुवंशी, (2) श्री हरि राम विश्नोई, (3) बीरबल विश्नोई, (4) श्री नवनीत रघुवंशी ) पता- ढाकोनी तहसील ईशागढ़ जिला- अशोकनगर के द्वारा खनिज पत्थर गिट्टी क्रेशर एवं एम सेन्ड उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 11.11.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 30.12.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हेक्टेयर में | भूमि का प्रकार निजी/अर्द्धनिजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोकनगर | ईशागढ़ | लहदपुर | 347 एस | 4.000 | शासकीय भूमि | क्रेशर पत्थर एवं एम सेन्ड हेतु | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से सूचना प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस की अवधि के भीतर (कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम अवेदन पत्र प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति ने उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
4. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी खनि अधिकारी**
**(खनिज शाखा)**
**जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

**जी-22832/25**


# बैराड़ में पैराडाइज कला एवं खेल महोत्सव का समापन

**नवभारत न्यूज**

**बैराड़ 17 दिसम्बर।** बैराड़ स्थित पैराडाइज पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित पैराडाइज कला एवं खेल महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सुरेश राँठखेड़ा रहे। विशिष्ट अतिथियों में बैराड़ नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती मालती रावत, उपाध्यक्ष श्रीमती सेवा यादव, पोहरी जनपद उपाध्यक्ष मुन्नालाल रावत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश तोमर, पोहरी संकुल प्राचार्य भरत धाकड़, बैराड़ संकुल प्राचार्य दिनेश यादव, बरिष्ठ पत्रकार भगवती सिंघल, हाई स्कूल एंचबाडा प्राचार्य गिरीश शर्मा, हायर सेकंडरी स्कूल गोवर्धन प्राचार्य लखन लाल जाटव, मारोरा हाई स्कूल प्राचार्य ब्रज लाल बघेल आदि उपस्थित

**विजेता विद्यार्थियों का हुआ सम्मान**

रहे। क्षेत्र के संकुल प्राचार्य एवं विद्यालय प्रमुख मंचासीन रहे। विद्यार्थियों की खेल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मन मोह लिया।

विद्यालय संचालक कल्याण सिंह वर्मा ने बताया कि चार




दिवसीय महोत्सव के दौरान क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, दौड़, बैडमिंटन, शतरंज, फ्रॉग रेस, चम्मच रेस, गायन, वाद-विवाद, क्विज, चित्रकला सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। यह आयोजन बैराड़ नगर का अपने आप में पहला और अनूठा प्रयास रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से नीट में चयनित पायल बघेल, मयंक धाकड़ तथा इंडियन आर्मी में चयनित संतोष प्रजापति को भी अतिथियों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश राँठखेड़ा ने कहा कि 'खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।' उन्होंने बेटियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आज बेटियां देश ही नहीं, विदेशों में भी नाम रोशन कर रही हैं। साथ ही मोबाइल और डिजिटल संसाधनों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया। विद्यालय संरक्षक डॉ. जनवेद वर्मा ने आभार व्यक्त किया। विद्यालय संचालक कल्याण सिंह वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।